विक्रम पंचांग

# सम्राट विक्रमादित्य

उज्जयिनी के सार्वभौम सम्राट विक्रमादित्य अपने आकर्षक और प्रभावशाली व्यक्तित्व और स्वीकार्य कृतित्व के कारण सतत लोकप्रिय तथा भारतीय अस्मिता के उज्ज्वल प्रतीक रहे। वे शकारि तथा साहसांक थे। वे शक विजेता, सम्वत् प्रवर्तक, वीर, दानी, न्यायप्रिय, प्रजावत्सल, स्तत्व सम्पन्न थे। वे साहित्य, संस्कृति तथा विज्ञान के उत्प्रेरक रहे। उनकी सभा कालिदास, वराहमिहिर, वेतालभट्ट, अमरसिंह, घटखर्पर, धन्वन्तरि, वररुचि, शंकु, क्षपणक आदि नवरत्नों से उज्ज्वल थी। अपने गुणगौरव के कारण उनका नाम परवर्ती अनेक राजाओं की उपाधि बनता रहा। भारत के इतिहास में रामराज्य के बाद विक्रमादित्य के सुशासन का ही स्मरण किया जाता रहा। भारतीय सांस्कृतिक प्रभामंडल का वे आदर्श प्रतीक और लोकमान्य हैं।

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन

# संदेश

उज्जयिनी के सार्वभौम `सम्राट विक्रमादित्य' द्वारा आरंभ किया गया ऐतिहासिक `विक्रम सम्वत्' दुर्जेय विदेशी शकों पर सम्राट विक्रमादित्य की विजय की अभूतपूर्व स्मृति है। `नव सम्वत्सर' के इस पावन अवसर पर महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ द्वारा प्रकाशित `विक्रम पंचांग' महादेव शिव के दिव्य रूपों और महिमा को दर्शाता है। महादेव शिव अनादि तथा सृष्टि प्रक्रिया के आदिस्रोत हैं और यह काल महाकाल ही ज्योतिषशास्त्र के आधार हैं। शिव का अर्थ कल्याणकारी माना गया है। भारत का सर्वमान्य सम्वत् `विक्रम सम्वत्' ही है। भारतीय संस्कृति के लिए यह गौरवपूर्ण बात है कि भारतवर्ष में सम्राट विक्रमादित्य द्वारा प्रवर्तित विक्रम सम्वत् संसार के प्रायः सभी प्रचलित ऐतिहासिक सम्वतों में प्राचीनतम है। भारतीय जनमानस की दैनिक गतिविधि में इस सम्वत् का सर्वोच्च स्थान है।

विक्रम सम्वत् एवं विक्रम पंचांग भारतीय पंचांगों और काल निर्धारण का आधार है। इस पंचांग की विशेषता है कि यह वैज्ञानिक रूप से काल की गणना के आधार पर निर्मित है। भारत में काल गणना की अनेक पद्धतियाँ प्रचलित रही हैं जिसमें सूर्य सिद्धांत सबसे प्राचीन पद्धति मानी जाती है। विक्रमादित्यकालीन ज्ञान परंपरा और उसकी विशेषताओं के कारण भारत वर्ष के विकास में एकरूपता, दिखाई देती थी। इस काल की ज्ञान परंपरा और शिक्षा ने भारत का पथ प्रदर्शन किया।

भारत ने ज्ञान के महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में संपूर्ण विश्व का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट किया है। विक्रमादित्य भारतवर्ष के सांस्कृतिक विकास, शौर्य और वैभव के प्रतीक हैं। वे अपने औदार्य, विद्वत्ता, साहित्य-सेवा, अलौकिक प्रतिभा एवं दिग्विजय के कारण सर्वश्रुत थे।

हिंदू सनातन परंपरा में पंचांग का महत्व सर्वज्ञात है। विक्रम सम्वत् 2081 का विक्रम पंचांग भगवान श्रीमहाकालेश्वर की भिन्न-भिन्न छवियाँ, द्वादश ज्योतिर्लिंगों तथा शिव के मंगलकारी रूपों पर केंद्रित है। निश्चित ही यह हमारी प्राच्य विद्याओं और सनातनी ज्ञान को समकालीन समाज के सम्मुख अपने वृहद और विस्तृत स्वरूप में प्रस्तुत करेगा।

**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश शासन


विक्रम पंचांग

नियामक — डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश
धर्मेन्द्र सिंह लोधी, राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग
शिव शेखर शुक्ला, प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, संस्कृति एवं पर्यटन
सम्पादक — श्रीराम तिवारी
सह सम्पादक — राजेश्वर त्रिवेदी
सहयोग — पं. चंदन श्यामनारायण व्यास, डॉ. सर्वेश्वर शर्मा
आकल्पन — मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय, भोपाल



स्वत्वाधिकार — प्रकाशकाधीन



विक्रम संवत् 2081
ईस्वी 2024-25

महाराजा विक्रमादित्य शोधपीठ
स्वराज संस्थान संचालनालय, संस्कृति विभाग
मध्यप्रदेश शासन का प्रकाशन
बिड़ला भवन, देवास रोड, उज्जैन-456010
दूरभाष : 0734-2521499

# श्रीमहाकालेश्वर
## मंदिर, उज्जैन

# आदि देव, अनादि देव, हर काल के देव 'महादेव'

भारतीय सनातन परंपरा में शिव का विशेष महत्व रहा है। जिस प्रकार इस ब्रह्माण्ड का ना कोई आरंभ है, और न ही कोई अंत उसी प्रकार महादेव शिव भी अनादि है। सम्पूर्ण ब्रह्मांड शिव के अंदर समाया हुआ है जब कुछ नहीं था तब भी शिव थे,जब कुछ न होगा तब भी शिव ही होंगे। शिव को महाकाल कहा जाता है, अर्थात समय। शिव अपने इस स्वरूप द्वारा पूर्ण सृष्टि का भरण-पोषण करते हैं। इसी स्वरूप द्वारा परमात्मा ने अपने ओज व उष्णता की शक्ति से सभी ग्रहों को एकत्र कर रखा है। परमात्मा का यह स्वरूप अत्यंत ही कल्याणकारी माना जाता है क्योंकि पूर्ण सृष्टि का आधार इसी स्वरूप पर टिका हुआ है। महादेव अर्थात् महाकाल को एक बार इस दुनिया को बचाने के लिए विष का पान करना पड़ा था और उस महाविनाशक विष को अपने कंठ में धारण करना पड़ा था। इसी कारण से उन्हें नीलकंठ के नाम से भी जाना जाता है। शिव में परस्पर विरोधी भावों का सामंजस्य देखने को मिलता है। शिव के मस्तक पर एक ओर चंद्र है, तो दूसरी ओर महाविषधर सर्प भी उनके गले का हार है। वे अर्धनारीश्वर होते हुए भी कामजित हैं। गृहस्थ होते हुए भी श्मशानवासी, वीतरागी हैं। सौम्य, आशुतोष होते हुए भी भयंकर रुद्र हैं। शिव परिवार भी इससे अछूता नहीं हैं। उनके परिवार में भूत-प्रेत, नंदी, सिंह, सर्प, मयूर व मूषक सभी का समभाव देखने को मिलता है। वे स्वयं द्वंद्वों से रहित सह-अस्तित्व के महान् विचार का परिचायक हैं। महाकाल को काल का नियंत्रक कहा जाता है। वैसे भी जीवन में काल अर्थात् समय की महत्ता निर्विवादित है। संसार में सभी कुछ समय के आधीन है। जो व्यक्ति समय का सदुपयोग करते हुए उसके अनुसार चलता है, वही प्रगति करता है और जो समय को सम्मान नहीं देता, वह जीवन में पिछड़ जाता है। पौराणिक ग्रंथों में अवंतिका (उज्जैन) को काल के देवता भगवान श्रीमहाकालेश्वर की नगरी के रूप में गौरव प्राप्त है। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में गिने जाने वाले भगवान श्रीमहाकालेश्वर को शास्त्रों में मृत्युलोक (भूलोक) का अधिपति कहा गया है। शिव की जटाएँ सूर्य केशी और शिव कपर्दी कही जाती हैं। शिव मस्तक पर चन्द्रमा अमृतमय सोमात्मक मन है। मन की ज्योतिष्मती समाधि ही अमृत की प्राप्ति है। इन्द्रियों के नवद्वारों की विषयवृत्तियों को जीत लेना ही विषपान है। मृत्यु पर विजय प्राप्त करना ही विजय है। शिव के मस्तक पर चन्द्रमा और कण्ठ में विष 'चन्द्रमा मनसो जात' मन चैतन्य या अमृत का प्रतीक है और कण्ठ-पंचभूतों का प्रतीक है। मन और कठ-प्राण इन दोनों के बीच में हैं। जब वह मन के साथ जुड़ता है तो अमृतात्मा बन जाता है और जब पंचभूत के साथ मिलता है तो मृत्यु का अनुगामी बन जाता है। शिव का नटराज स्वरूप सृष्टि की स्थिति और संहार का प्रतीक है। सत्य-असत्य दोनों शिव के स्वरूप एक साथ विद्यमान हैं। शिव का नन्दी आनन्द का प्रतीक है। वेदों में सूर्य को वृष कहा गया है। शिव त्र्यम्बक हैं-जिनकी तीन माताएँ हैं। सूर्य, चन्द्र और अग्नि-ये तीन नेत्र हैं। पृथ्वी, अन्तरिक्ष और द्यौ-मन, प्राण और वाक, यही तो तीन माताएँ हैं। द्यावापृथ्वी रूप विश्व है, इसमें द्युलोक पिता और पृथ्वी माता है। इसे ही रोदसी ब्रह्माण्ड कहते हैं। यह बाहर भी है और प्रत्येक प्राण केन्द्र में भी है। यही रुद्र की सृष्टि है। शिव, सनातन हिंदू परम्परा के, आध्यात्मिक तथा यौगिक प्रतीक चिन्हों में परमचैतन्य के सम्भवत: सर्वोच्च उद्बोधक प्रतीक हैं। वास्तव में शिव स्वयं परमचैतन्य हैं, वह नित्य अस्तित्व हैं, शिव ही सत्ज़्य हैं। शिव अनंत चैतन्य हैं। शिव वह परम शून्य हैं जिससे समस्त सृष्टि जन्म लेती है। शून्यस्वरूपी शिव वह अतिब्रह्माण्डीय गर्भाशय हैं जिसमें से सभी प्राणियों की उत्पत्ति हुई है। समस्त ब्रह्माण्डों के आदि बीज भी शिव हैं। शिव के अंतर में ही शक्ति, प्रकृति की अनंत संभावनाओं के रूप में, विश्रामरत हैं। शिव तब तक अव्यक्त हैं, जब तक शक्ति; प्रकृति को अभिव्यक्त करते हुए, जागृत और गतिशील नहीं होती। प्रकृति में वह सब अंतरभूत है जो भी ब्रह्माण्ड स्वरूप में प्रकट होता है, जगत और जीव, जिसको हम व्यावहारिक भाषा में सृष्टि की संज्ञा देते हैं। यद्यपि शिव समस्त सृष्टि में व्याप्त हैं, फिर भी कोई भी शिव का पूर्ण ज्ञान प्राप्त नहीं कर सकता, क्योंकि शिव स्वयं ही सकल सृष्टि के ज्ञाता एवं दृष्टा हैं, सर्व अस्तित्व के महासाक्षी वह स्वयं हैं। भगवान शिव ने हर काल में लोगों को दर्शन दिए हैं। वे सतयुग में समुद्र मंथन के समय भी थे और त्रेता में राम के समय भी। वेद उपदेश देते हैं कि जो सृष्टि का मूल कारण अग्नि है वही रुद्र या शिव है। अग्निवैरुद्रः की घोषणा ब्राह्मण ग्रंथों में वर्णित है। भगवान श्रीकृष्ण ने गीता में रुद्राणां शकराश्चास्मि और श्रीमद्भागवत में रुद्राणां नील लोहितरू कहा है। मन्यु, मनु, महिनस, महान्, शिव ऋतध्वज, उग्ररेता, भव, काल, वामदेव और धृतव्रत ये एकादश रुद्र रूप है। शिव के साथ ही हृदय, इन्द्रिय, प्राण आकाश, वायु, अग्नि, जल, पृथ्वी, सूर्य, चन्द्र और तप में शिव के ग्यारह स्थान है। धी वृत्ति, उशना, उमा, नियुति, सर्पि, इला, अम्बिका, इरावती, सुधा और दीक्षा ये क्रमशः शिव की पत्नियाँ हैं। इसी प्रकार प्रेत, पिशाच, भैरव, विनायक, यातुधान, डाकिनी, शाकिनी, कूष्माण्ड, बेताल, योगिनी आदि शिव के गण व उनकी रचनाएँ है। भारतवर्ष में ऐसा कोई ग्राम नहीं, जहाँ शिव का मंदिर न हो। पंचवक्त एकवक्त आदि श्री विग्रह प्राचीन काल से प्रचलित है। अनादि ऋषि परम्परा में प्रतिष्ठित शिव लिंगोपासना श्रुति-स्मृति आगम-निगम पुराणों में अर्चित हैं। लिंगपूजा शक्ति और शक्तिमान का प्रतीक है। भारतीय संस्कृति में प्रतिमा काल्पनिक नहीं हुआ करती। ऋणात्मक इलेक्ट्रान या धनात्मक प्रोटोन दोनों की शक्ति का क्या रूप होता है? शिवशक्ति इसी का प्रतीक है। अत लिंगविग्रह शिव का शक्ति समन्वित प्रतीक है। यह विग्रह साधक को उस परमपुरुष में एकाग्र कर देता है, ऊर्जावान बना देता है। इस प्रकार शिव की बड़ी महिमा है। सम्पूर्ण विद्याओं कलाओं के भगवान शंकर आचार्य है। व्याकरण तो महेश्वर सूत्रों से ही निकला। उनका डमरू नादकाल का प्रतीक है। ताण्डव और लास्य नृत्यों के तो मूल श्रोत हैं। आयुर्वेद, धनुर्वेद समस्त ज्ञान-विज्ञान शिव के द्वारा ही सृजित है। शैव दर्शन भारतीय संस्कृति एवं साहित्य की प्राण ऊर्जा है। कश्मीर के शैव दर्शन ने विदेशी साहित्यकारों को आकृष्ट किया। कालिदास के सम्पूर्ण साहित्य में शैवदर्शन, प्रत्यभिज्ञा दर्शन की अप्रतिम उद्भावना देखी जा सकती है। द्वापर युग के महाभारत काल में भी शिव थे और कलिकाल में विक्रमादित्य के काल में भी शिव के दर्शन होने का उल्लेख मिलता है। असुर, दानव, राक्षस, गंधर्व, यक्ष, आदिवासी और सभी वनवासियों के आराध्य देव शिव ही हैं। शैव धर्म भारत के आदिवासियों का धर्म है। सभी दसनामी, शाक्त, सिद्ध, दिगंबर, नाथ, लिंगायत, तमिल शैव, कालमुख शैव, कश्मीरी शैव, वीरशैव, नाग, लकुलीश, पाशुपत, कापालिक, कालदमन और महेश्वर सभी शैव धर्म से जुड़े हुए हैं। चंद्रवंशी, सूर्यवंशी, अग्निवंशी और नागवंशी भी शिव की ही परंपरा से माने जाते हैं। भारत ही नहीं विश्व के अन्य अनेक देशों में भी प्राचीनकाल से शिव की पूजा होती रही है। इसके अनेक प्रमाण समय-समय पर प्राप्त हुए हैं। ऐतिहासिक प्रमाणों के अनुसार विक्रम सम्वत् के कुछ सहस्राब्ज़्दी पूर्व संपूर्ण धरती पर उल्कापात का अधिक प्रकोप हुआ। आदिमानव को यह रुद्र (शिव) का आविर्भाव दिखा। जहाँ-जहाँ ये पिंड गिरे, वहाँ-वहाँ इन पवित्र पिंडों की सुरक्षा के लिए मंदिर बना दिए गए। इस तरह धरती पर हजारों शिव मंदिरों का निर्माण हो गया। उनमें से प्रमुख थे 108 ज्योतिर्लिंग। शिवपुराण के अनुसार उस समय आकाश से ज्ज़्योति पिंड पृथ्ज़्वी पर गिरे और उनसे थोड़ी देर के लिए प्रकाश फैल गया। इस तरह के अनेक उल्का पिंड आकाश से धरती पर गिरे थे। पुरातात्विक निष्कर्षों के अनुसार प्राचीन शहर मेसोपोटेमिया और बेबीलोन में भी शिवलिंग की पूजा किए जाने के सबूत मिले हैं। इसके अलावा मोहन-जोदड़ो और हड़प्पा की विकसित संस्कृति में भी शिवलिंग की पूजा किए जाने के पुरातात्विक अवशेष मिले हैं। सभ्यता के आरंभ में लोगों का जीवन पशुओं और प्रकृति पर निर्भर था इसलिए वह पशुओं के संरक्षक देवता के रूप में पशुपति की पूजा करते थे। सैंधव सभ्यता से प्राप्त एक सील पर तीन मुँह वाले एक पुरुष को दिखाया गया है जिसके आस-पास कई पशु हैं। इसे भगवान शिव का पशुपति रूप माना जाता है। सुमेरिया, बेबीलोनिया, ईरान, मिस्र, असीरिया, ग्रीस (यूनान) रोम की सभ्यताएँ विद्यमान थीं। इन सभी से पूर्व महाभारत का युद्ध लड़ा गया था। उस काल में भारत में एक पूर्ण विकसित सभ्यता थी। आयरलैंड के एक पहाड़ पर एक रहस्यमय पाषाण रखा हुआ है, जो शिवलिंग की तरह ही है। इसे भाग्यशाली पाषाण कहा जाता है।

फ्रांसीसी भिक्षुओं द्वारा लिखित एक प्राचीन दस्तावेज के अनुसार इसको अलौकिक लोगों द्वारा स्थापित किया गया था। दक्षिण अफ्रीका की सुद्वारा नामक एक गुफा में पुरातत्वविदों को महादेव की छह हजार वर्ष पुरानी शिवलिंग की मूर्ति मिली जिसे कठोर ग्रेनाइट पत्थर से बनाया गया है। इस शिवलिंग को खोजने वाले पुरातत्ववेत्ता हैरान हैं कि यह शिवलिंग यहाँ अभी तक सुरक्षित कैसे रहा? हर काल में शिव पूजा के शिव दर्शन दर्शन के प्रमाण मिलते रहे हैं। उनके जीवन की कथाएँ दुनिया के अनेक धर्मों और उनके ग्रंथों में अलग-अलग रूपों में विद्यमान है। आदि देव महादेव सनातन सृष्टि के प्रतीक है।



# श्रीमहाकालेश्वर

# ।। विविध सम्वत्सर ।।

देश में चर्चित, प्रचलित और अब विस्मृत हो चले विविध संवत्सर विक्रम सम्वत् की शुरूआत लगभग ईसा पूर्व 57 वर्ष पहले चैत्र शुक्ल प्रतिपदा तिथि से की गयी थी। ईसवी सन् और विक्रम सम्वत् में 57 वर्षों का अंतर है। इस हिसाब से ईसवी सन् 2022 में विक्रम सम्वत् 2079 चल रहा है। वैसे भारत में 36 तरह के प्राचीन कैलेंडर वर्ष की चर्चा की जाती रही है। हालाँकि, इनमें से अधिकांश अब प्रचलन से बाहर हैं। दुनियाभर में कई देशों के जो अपने कैलेंडर हैं उनमें नये वर्ष की शुरूआत जनवरी से अप्रैल के मध्य होती है। हमारे यहाँ फिलहाल विक्रम सम्वत्, ईस्वी सन्, हिजरी सन् आदि प्रचलित हैं। विक्रम सम्वत् अत्यन्त प्राचीन सम्वत् है। भारत के सांस्कृतिक इतिहास की दृष्टि से सर्वाधिक लोकप्रिय लोकमान्य राष्ट्रीय सम्वत् विक्रम सम्वत् ही है।

1. **सप्तर्षि सम्वत्**
   सात तारों की गति के साथ इसका संबंध माना जाता है।

2. **कृष्ण सम्वत्** (3179 वि.पू. 3236 ई.पू.)

3. **कलियुग सम्वत्** (3045 वि.पू. 3102 ई.पू.)
   इसका प्रयोग धार्मिक तिथियों के लिए इस्तेमाल वर्षों पूर्व किया गया था।

4. **युधिष्ठिर सम्वत्** (2391 वि.पू. 2448 ई.पू.)

5. **बुद्ध निर्वाण सम्वत्** (430 वि.पू. 487 ई.पू.)
   गौतम बुद्ध के निर्वाण वर्ष से इस सम्वत् का आरंभ हुआ था।

6. **वीर निर्वाण सम्वत्** (370 वि.पू. 527 ई.पू.)
   अंतिम जैन तीर्थंकर महावीर के निर्वाण वर्ष विक्रम सम्वत् में 470 एवं ई.पू. 527 से इसका आरंभ माना जाता है।

7. **मौर्य सम्वत्** (263 वि.पू. 320 ई.पू.)
   चंद्रगुप्त मौर्य ने चाणक्य की सहायता से मौर्य साम्राज्य की स्थापना की थी। इसके साथ ही उसने मौर्य सम्वत् को आरंभ किया था।

8. **सेल्यूसिडियन सम्वत्** (255 वि.पू. 312 ई.पू.)
   सिकंदर के सेनापति सेल्यूकस ने जब पश्चिमी एशिया का साम्राज्य प्राप्त किया तब अपने नाम का सम्वत् चलाया था।

9. **लौकिक सम्वत्** (32 वि.पू. 25 ई.पू.)

10. **विक्रम सम्वत्** (57 ई.पू.)
    इसकी शुरूआत उज्जैन के लोकप्रिय सम्राट विक्रमादित्य ने शकों पर विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में की थी। इसको मालव सम्वत् भी कहते हैं। मालवराज विक्रमादित्य ने शकों को परास्त कर अपने नाम का सम्वत् चलाया, यह चैत्र शुक्ल 1 से आरंभ होता है।

11. **ईस्वी सन्**
    ईसा मसीह के जन्म वर्ष से इसका आरंभ माना जाता है। ई.स. 527 को रोम निवासी पादरी डायोनिसियस ने गणना कर रोम नगर की स्थापना से 795 वर्ष बाद ईसा मसीह का जन्म होना निश्चित किया था। 1000 ईस्वी तक जाकर यूरोप सहित विश्व के अनेक देशों में इसका प्रचलन शुरू हुआ।

12. **शक सम्वत्** (135 विक्रम सम्वत्, 78 ई.)
    इसकी शुरूआत शकों द्वारा विक्रमादित्य के शासन के 137 वर्ष बाद उज्जैन पर पुनः विजय प्राप्त करने के उपलक्ष्य में की गयी थी।

13. **कलचुरि सम्वत्** (305 विक्रम सम्वत्, 248 ई.)
    इसको चेदि सम्वत् और त्रैकुटक सम्वत् भी कहते हैं। इसको त्रैकुटक नामक एक राजवंश द्वारा आरंभ किया गया था।

**14. गुप्त सम्वत्** (377 विक्रम सम्वत्, 320 ई.)
इसकी शुरूआत चन्द्रगुप्त प्रथम ने की थी। इसको गुप्त काल या गुप्त वर्ष भी कहा जाता है।

**15. शाहूर सन्**
तुगलक द्वारा चलाया गया यह सन् हिजरी सन् का संशोधित रूप है। चंद्र मास के बदले सौर मास के अनुसार माना गया है। इसमें 650 जोड़ने पर विक्रम सम्वत् बनता है। मराठी पंचांग में यह अभी-भी मिलता है।

**16. बंगाल सन्**
इसे `बंगाब्द' भी कहते हैं। इसका आरंभ वैशाख से होता है। इसमें 651 जोड़ने से विक्रम सम्वत् बनता है। बंगाल के अनेक भागों में कभी यह व्यापक रूप से प्रचलित था।

**17. गांगेय सम्वत्**
यह सम्वत् कलिंगनगर (तमिलनाडु) के गंगा वंशी राजा द्वारा चलाया हुआ सम्वत् माना जाता है। दक्षिण भारत में अनेक स्थानों पर इसका उल्लेख मिला है। 633 जोड़ने से विक्रम सम्वत् बनता है।

**18. हर्ष सम्वत्** (663 विक्रम सम्वत्, 606 ई.)
इसकी शुरूआत कन्नौज के शासक हर्षवर्धन ने की थी और हर्षवर्धन की मृत्यु के बाद एक सदी तक यह उत्तर भारत में चलन में था।

**19. हिजरी सन्**
इस्लामिक कैलेंडर के हिसाब से (679 विक्रम सम्वत्) 622 ईस्वी सन् से इसका आरंभ माना जाता है। यह चंद्र वर्ष है, चाँद देखकर इसका आरंभ किया जाता है। इसकी तारीख एक शाम से दूसरी शाम तक चलती है।

**20. भट्टिक सम्वत्**
यह सम्वत् जैसलमेर के राजा भट्टीक (भाटी) द्वारा शुरू किया गया था। इसमें 680 जोड़ने से विक्रम सम्वत् बनता है।

**21. कोल्लम सम्वत्**
केरल मालाबार के लोग इसे परशुराम सवंत् भी कहते हैं। तमिल में इसे कोल्लम और संस्कृत में कोलंब सम्वत् कहा गया है। 881 जोड़ने पर विक्रम सम्वत् बनता है।

**22. नेवार (नेपाल) सम्वत्**
नेपाल के राजा जयदेव मल्ली ने इस सम्वत् को आरंभ किया था, इसमें 936 जोड़ने पर विक्रम सम्वत् बनता है।

**23. यहूदी सन्**
इजराइल और विश्व के यहूदी इसका प्रयोग करते हैं।

**24. फसली सन्**
अकबर ने टोडरमल के परामर्श से लगान वसूली के लिए हिजरी सन् 971 (1506 विक्रम सम्वत्) में चलाया था। यह भी हिजरी सन् का संशोधित रूप ही था। क्योंकि इसके महीने सौर मास के अनुसार चलते थे।

**25. इलाही सन्**
अकबर ने बीरबल के सहयोग से दीन-ए-इलाही के साथ इस सन् को हिजरी सन् 992 (विक्रम सम्वत् 1527 एवं 1584 ई.) में चलाया। इसमें 1 महीना 32 दिनों का होता था। बाद में शाहजहाँ ने इसे समाप्त कर दिया।

**26. चालुक्य विक्रम सम्वत्**
दक्षिण के चालुक्य राजा विक्रमादित्य (छठे) ने शक सम्वत् के स्थान पर चालुक्य विक्रम सम्वत् चलाया। इसको चालुक्य `विक्रम का काल' वह `विक्रम वर्ष' भी कहा जाता है। इसमें 1132 जोड़ने पर विक्रम सम्वत् बनता है।

**27. सिंह सम्वत्**
इस सम्वत् की शुरूआत काठियावाड़ के गोहिल शासकों ने की थी। इस सम्वत् को शिवसिंह सम्वत् के नाम से भी जाना जाता है। इसमें 1170 जोड़ने से विक्रम सम्वत् बनता है।

**28. लक्ष्मणसेन सम्वत्**
बंगाल के सेनवंशी राजा लक्ष्मण सेन के राज्याभिषेक से इसका आरंभ हुआ। इसका प्रचलन बंगाल, बिहार और उड़ीसा में था। इसमें 1175 जोड़ने से विक्रम सम्वत् बनता है।

**29. पुडेचैप्पू सम्वत्**
यह (1398 विक्रम सम्वत्) 1341 में केरल के कोच्चि के पास एक टापू की स्मृति में चलाया गया था। इसका प्रचलन कोचीन राज्य के आसपास ही रहा।

**30. राज्याभिषेक सम्वत्** (विक्रम सम्वत् 1731 ईस्वी 1674)
ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी को शिवाजी का राज्याभिषेक हुआ था, जिसे आनंदनाम सम्वत् का नाम दिया गया। महाराष्ट्र में रायगढ़ किले में एक भव्य समारोह में शिवाजी पूर्णरूप से छत्रपति अर्थात् एक प्रखर हिंदू सम्राट के रूप में स्थापित हुए।

शांति, काल,योग, ध्यान, नृत्य, प्रलय, वैराग्य और विनाश के
देवता, सृष्टि के संहारकर्ता और जगतपिता

# ।। महादेव ।।

**शास्त्रों और पुराणों में भगवान शिव के अनेक नाम है, जिसमें से 108 नामों का विशेष महत्व है-**

1. **शिव:** कल्याण स्वरूप
2. **महेश्वर:** माया के अधिश्वर
3. **शम्भू:** आनंद स्वरूप वाले
4. **पिनाकी:** पिनाक धनुष धारण करने वाले
5. **शशिशेखर:** सिर पर चंद्रमा धारण करने वाले
6. **वामदेव:** अत्यंत सुंदर स्वरूप वाले
7. **विरूपाक्ष :** विचित्र आँख वाले
8. **कपर्दी :** जटाजूट धारण करने वाले
9. **नीललोहित :** नीले और लाल रंग वाले
10. **शंकर :** सबका कल्याण करने वाले
11. **शूलपाणी :** हाथ में त्रिशूल धारण करने वाले
12. **खटवांगी :** खटिया का एक पाया रखने वाले
13. **विष्णुवल्लभ :** भगवान विष्णु के अति प्रिय
14. **शिपविष्ट :** सितुहा में प्रवेश करने वाले
15. **अंबिकानाथ :** देवी भगवती के पति
16. **श्रीकण्ठ :** सुंदर कण्ठ वाले
17. **भक्तवत्सल :** भक्तों को अत्यंत स्नेह करने वाले
18. **भव :** संसार के रूप में प्रकट होने वाले
19. **शर्व :** कष्टों को नष्ट करने वाले
20. **त्रिलोकेश :** त्रिलोकों के स्वामी
21. **शितिकण्ठ :** सफेद कण्ठ वाले
22. **शिवाप्रिय :** पार्वती के प्रिय
23. **उग्र :** अत्यंत उग्र रूप वाले
24. **कपाली :** कपाल धारण करने वाले
25. **कामारी :** कामदेव के शत्रु, अंधकार हरने वाले
26. **सुरसूदन :** अंधक दैत्य को मारने वाले
27. **गंगाधर :** गंगा जी को धारण करने वाले
28. **ललाटाक्ष :** ललाट में आँख वाले
29. **महाकाल :** कालों के भी काल
30. **कृपानिधि :** करूणा की खान
31. **भीम :** भयंकर रूप वाले
32. **परशुहस्त :** हाथ में फरसा धारण करने वाले
33. **मृगपाणी :** हाथ में हिरण धारण करने वाले
34. **जटाधर :** जटा रखने वाले
35. **कैलाशवासी :** कैलाश के निवासी
36. **कवची :** कवच धारण करने वाले
37. **कठोर :** अत्यंत मजबूत देह वाले
38. **त्रिपुरांतक :** त्रिपुरासुर को मारने वाले
39. **वृषांक :** बैल के चिह्न वाली ध्वजा वाले
40. **वृषभारूढ़ :** बैल की सवारी वाले
41. **भस्मोद्धूलितविग्रह :** सारे शरीर में भस्म लगाने वाले
42. **सामप्रिय :** सामगान से प्रेम करने वाले
43. **स्वरमयी :** सातों स्वरों में निवास करने वाले
44. **त्रयीमूर्ति :** वेदरूपी विग्रह करने वाले
45. **अनीश्वर :** जो स्वयं ही सबके स्वामी है
46. **सर्वज्ञ :** सब कुछ जानने वाले
47. **परमात्मा :** सब आत्माओं में सर्वोच्च
48. **सोमसूर्याग्निलोचन :** चंद्र, सूर्य और अग्निरूपी आँख
49. **हवि :** आहूति रूपी द्रव्य वाले
50. **यज्ञमय :** यज्ञस्वरूप वाले
51. **सोम :** उमा के सहित रूप वाले
52. **पंचवक्त्र :** पाँच मुख वाले
53. **सदाशिव :** नित्य कल्याण रूप वाल
54. **विश्वेश्वर :** सारे विश्व के ईश्वर
55. **वीरभद्र :** वीर होते हुए भी शांत स्वरूप वाले
56. **गणनाथ :** गणों के स्वामी
57. **प्रजापति :** प्रजाओं का पालन करने वाले
58. **हिरण्यरेता :** स्वर्ण तेज वाले
59. **दुर्धुर्ष :** किसी से नहीं दबने वाले
60. **गिरीश :** पर्वतों के स्वामी
61. **गिरिश्वर :** कैलाश पर्वत पर सोने वाले
62. **अनघ :** पापरहित
63. **भुजंगभूषण :** सांपों के आभूषण वाले
64. **भर्ग :** पापों को भूंज देने वाले
65. **गिरिधन्वा :** मेरू पर्वत को धनुष बनाने वाले
66. **गिरिप्रिय :** पर्वत प्रेमी
67. **कृत्तिवासा :** गजचर्म पहनने वाले
68. **पुरारति :** पुरों का नाश करने वाले
69. **भगवान् :** सर्वसमर्थ ऐश्वर्य संपन्न
70. **प्रमथाधिप :** प्रमथगणों के अधिपति
71. **मृत्युंजय :** मृत्यु को जीतने वाले
72. **सूक्ष्मतनु :** सूक्ष्म शरीर वाले
73. **जगद्व्यापी :** जगत् में व्याप्त होकर रहने वाले
74. **जगद्गुरू :** जगत् के गुरू
75. **व्योमकेश :** आकाश रूपी बाल वाले
76. **महासेनजनक :** कार्तिकेय के पिता
77. **चारुविक्रम :** सुन्दर पराक्रम वाले
78. **रूद्र :** भयानक
79. **भूतपति :** भूतप्रेत या पंचभूतों के स्वामी
80. **स्थाणु :** स्पंदन रहित कूटस्थ रूप वाले
81. **अहिर्बुध्न्य :** कुण्डलिनी को धारण करने वाले
82. **दिगम्बर :** नग्न, आकाशरूपी वस्त्र वाले
83. **अष्टमूर्ति :** आठ रूप वाले
84. **अनेकात्मा :** अनेक रूप धारण करने वाले
85. **सात्त्विक :** सत्व गुण वाले
86. **शुद्धविग्रह :** शुद्धमूर्ति वाले
87. **शाश्वत :** नित्य रहने वाले
88. **खण्डपरशु :** टूटा हुआ फरसा धारण करने वाले
89. **अज :** जन्म रहित
90. **पाशविमोचन :** बंधन से छुड़ाने वाले
91. **मृड :** सुखस्वरूप वाले
92. **पशुपति :** पशुओं के स्वामी
93. **देव :** स्वयं प्रकाश रूप
94. **महादेव :** देवों के भी देव
95. **अव्यय :** खर्च होने पर भी न घटने वाले
96. **हरि :** विष्णुस्वरूप
97. **पूषदन्तभित् :** पूषा के दांत उखाड़ने वाले
98. **अव्यग्र :** कभी भी व्यथित न होने वाले
99. **दक्षाध्वरहर :** दक्ष के यज्ञ को नष्ट करने वाले
100. **हर :** पापों व तापों को हरने वाले
101. **भगनेत्रभिद् :** भग देवता की आँख फोड़ने वाले
102. **अव्यक्त :** इंद्रियों के सामने प्रकट न होने वाले
103. **सहस्राक्ष :** हजार आँखों वाले
104. **सहस्रपाद :** हजार पैरों वाले
105. **अपवर्गप्रद :** कैवल्य मोक्ष देने वाले
106. **अनंत :** देशकालवस्तु रूपी परिछेद से रहित
107. **तारक :** सबको तारने वाले
108. **परमेश्वर :** परम ईश्वर

# महादेवः विभिन्न स्वरूप

*भगवान शिव, जिन्हें महादेव के नाम से भी जाना जाता है, हिंदू धर्म में सबसे सम्मानित देवताओं में से एक हैं। वह विनाश और परिवर्तन के देवता हैं, लेकिन सृजन और उत्थान के भी। भगवान शिव को अक्सर विभिन्न रूपों में चित्रित किया जाता है, प्रत्येक उनकी प्रकृति और शक्तियों के एक अलग पहलू का प्रतीक है।*

## रुद्र

रुद्र को भगवान शिव के सबसे पुराने और सबसे आदिम रूपों में से एक माना जाता है, और अक्सर उन्हें एक भयंकर और जंगली देवता के रूप में चित्रित किया जाता है। 'रुद्र' नाम संस्कृत शब्द 'रुड' से लिया गया है, जिसका अर्थ है ' दहाड़ना' और यह प्रकृति की विनाशकारी शक्ति से जुड़ा है। वेदों में, रुद्र को तूफान, शिकार और जंगली जानवरों का देवता माना जाता है, और अक्सर इसे हवा, गड़गड़ाहट और बिजली के प्राकृतिक तत्वों से जोड़ा जाता है। पौराणिक कथाओं में, रुद्र को विभिन्न विशेषताओं के रूप में वर्णित किया गया है, जिसमें उनकी भयंकर और भयानक उपस्थिति, शिकार और जंगली के साथ उनका जुड़ाव और उनकी विनाशकारी शक्ति शामिल है। उन्हें अक्सर उलझे हुए बाल, माथे पर तीसरी आँख और धनुष और बाण, त्रिशूल या तलवार जैसे हथियार ले जाने के रूप में चित्रित किया जाता है। उन्हें कभी-कभी जंगली जानवरों द्वारा खींचे जाने वाले रथ की सवारी करते हुए भी चित्रित किया गया है। अपने भयानक रूप और प्रतिष्ठा के बावजूद, रुद्र उपचार और सुरक्षा से भी जुड़ा हुआ है। उन्हें अक्सर बुरी आत्माओं और बीमारी से बचाने वाले के रूप में पूजा जाता है और उन्हें अपने भक्तों को वरदान और आशीर्वाद देने की शक्ति भी माना जाता है। कुछ परंपराओं में रुद्र को उर्वरता और वृद्धि से भी जोड़ा जाता है, क्योंकि कहा जाता है कि उनमें पौधों और फसलों को उगाने की शक्ति है। रुद्र का तूफान और शिकार के साथ जुड़ाव बुराई और नकारात्मकता के विनाशक के रूप में उनकी भूमिका में भी परिलक्षित होता है। इस पहलू में उन्हें शिकार का स्वामी माना जाता है, जो बुराई का नाश करते हैं और निर्दोषों की रक्षा करते हैं। उन्हें अक्सर एक उग्र और जंगली प्रकृति के रूप में चित्रित किया जाता है, जो प्रकृति की अदम्य शक्ति और उसका सम्मान करने की आवश्यकता का प्रतीक है। रुद्र भगवान शिव का एक महत्वपूर्ण और जटिल पहलू है, जो प्रकृति के आदिम और अदम्य पहलुओं के साथ-साथ विनाश और नवीकरण की शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। उनकी पूजा अक्सर रक्षा और चंगा करने की शक्ति के साथ-साथ प्राकृतिक दुनिया का सम्मान करने की आवश्यकता से जुड़ी होती है।

## पशुपति

पशुपति हिंदू धर्म में भगवान शिव के रूपों में से एक है। यह एक संस्कृत शब्द है जिसका अनुवाद 'जानवरों के भगवान' के रूप में किया जाता है और इस रूप में, भगवान शिव को सभी जीवित प्राणियों के रक्षक और शासक के रूप में पूजा जाता है। पशुपति को अक्सर हिंदू पौराणिक कथाओं में एक योगी के रूप में चित्रित किया गया है जो अपनी पत्नी पार्वती के साथ ध्यान मुद्रा में बैठें है। वे विभिन्न जानवरों की खाल से सुशोभित है और उनका शरीर राख से ढका हुआ है, जो भौतिक इच्छाओं से उनके अलगाव का प्रतीक है। पशुपति का महत्व इस तथ्य में निहित है कि माना जाता है कि भगवान शिव का जानवरों के साम्राज्य के साथ एक विशेष संबंध है। उन्हें अक्सर अपने गले में एक साँप के साथ चित्रित किया जाता है, जो पृथ्वी पर सबसे घातक प्राणियों पर उसकी शक्ति का प्रतिनिधित्व करता है। इसके अतिरिक्त, भगवान शिव को उनके वाहन के रूप में एक बैल, नंदी माना जाता है, जो जानवरों की दुनिया से उनके संबंध का प्रतीक है। पशुपति की पूजा भारत के विभिन्न भागों में प्रचलित है, विशेषकर नेपाल और हिमाचल प्रदेश के क्षेत्रों में। नेपाल की राजधानी काठमांडू में स्थित पशुपतिनाथ मंदिर, दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण और पूजनीय हिंदू मंदिरों में से एक है। यह भगवान पशुपति को समर्पित है और हिंदू तीर्थयात्रियों के लिए सबसे पवित्र स्थलों में से एक माना जाता है। हिंदू पौराणिक कथाओं में, भगवान पशुपति करुणा, शक्ति और सुरक्षा के गुणों से जुड़े हैं। माना जाता है कि उनकी पूजा करने वालों को आशीर्वाद, समृद्धि और सफलता मिलती है। पशुपति जन्म और मृत्यु के चक्र से भी जुड़े हुए हैं और माना जाता है कि उनकी पूजा से लोगों को आध्यात्मिक मुक्ति प्राप्त करने और पुनर्जन्म के चक्र से मुक्त होने में मदद मिलती है।

## महादेव

महादेव हिंदू धर्म में भगवान शिव के सबसे महत्वपूर्ण रूपों में से एक हैं। महादेव शब्द का अर्थ है 'महान् ईश्वर' या 'सर्वोच्च ईश्वर', जो दर्शाता है कि भगवान शिव के इस रूप को अन्य सभी रूपों में सबसे शक्तिशाली और पूजनीय माना जाता है। महादेव को लॉर्ड्स ऑफ लॉर्ड्स या महान् भगवान् के रूप में भी जाना जाता है, जो हिंदू पंथों में सर्वोच्च अधिकार के रूप में अपनी स्थिति पर जोर देते हैं। महादेव को अक्सर हिंदू पौराणिक कथाओं में चार भुजाओं वाली एक विशाल आकृति के रूप में चित्रित किया जाता है, जिसमें एक त्रिशूल, एक ड्रम, एक सर्प और एक आग का कटोरा होता है। वह आमतौर पर सांपों से सुशोभित होता है, जो मृत्यु और पुनर्जन्म पर उनकी शक्ति का प्रतीक है और उनके माथे पर एक वर्धमान चाँद दिखाई देता है, जो समय पर उनके नियंत्रण और चंद्रमा के बदलते चरणों का प्रतिनिधित्व करता है। महादेव के रूप में, भगवान शिव को ब्रह्माण्ड का परम निर्माता, संरक्षक और संहारक माना जाता है। उन्हें सभी अस्तित्व और जीवन और मृत्यु के चक्रों को नियंत्रित करने वाली शक्ति का स्रोत माना जाता है। इस रूप में, भगवान शिव सत्य, करुणा और ज्ञान के दिव्य सिद्धांतों से भी जुड़े हुए हैं। महादेव की पूजा अक्सर पूरे भारत और दुनिया के अन्य हिस्सों में भगवान शिव को समर्पित मंदिरों में की जाती है जहाँ हिंदू धर्म का पालन किया जाता है। भक्त सुरक्षा, समृद्धि और आध्यात्मिक ज्ञान के लिए भगवान शिव से प्रार्थना, फूल और प्रसाद इस रूप में चढ़ाते हैं। कई लोगों का यह भी मानना है कि महादेव की पूजा करने से व्यक्ति मोक्ष और शाश्वत शांति प्राप्त कर सकता है।

## अर्धनारीश्वर

अर्धनारीश्वर भगवान शिव का एक रूप है जिसमें उन्हें आधे पुरुष और आधी स्त्री के रूप में चित्रित किया गया है, जो मर्दाना और स्त्री ऊर्जा की अविभाज्य प्रकृति का प्रतीक है। शब्द 'अर्धनारीश्वर' संस्कृत के शब्द 'अर्ध' से लिया गया है जिसका अर्थ है आधा, 'नार' का अर्थ है महिला, और 'ईश्वर' का अर्थ है भगवान। भगवान शिव का यह रूप सृष्टि के पुरुष और स्त्री पहलुओं की एकता और समानता के विचार का प्रतिनिधित्व करता है। अर्धनारीश्वर रूप में, शरीर का दाहिना आधा भाग भगवान शिव की मर्दाना ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि बायां आधा उनकी पत्नी, देवी पार्वती की स्त्री ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करता है। मर्दाना आधे भाग को आमतौर पर उलझे हुए बालों, माथे पर एक अर्धचंद्र और एक त्रिशूल और एक सांप को पकड़े हुए दिखाया गया है। स्त्रैण आधा भाग आमतौर पर एक अच्छी तरह से सजाए गए स्त्रैण रूप के साथ दिखाया जाता है, जिसमें गहने और फूल शामिल होते हैं और एक दर्पण और एक कमल धारण करते हैं। भगवान शिव का यह रूप इस विचार का प्रतिनिधित्व करता है कि संपूर्ण ब्रह्माण्ड दो पूरक ऊर्जाओं - पुल्लिंग और स्त्रैण से बना है। जैसे दिन और रात, प्रकाश और अंधेरा, सूर्य और चंद्रमा अविभाज्य और पूरक हैं, वैसे ही ब्रह्माण्ड के संतुलन के लिए मर्दाना और स्त्री ऊर्जा भी पूरक और आवश्यक हैं। भगवान शिव का अर्धनारीश्वर रूप मानव मानस के तर्कसंगत और भावनात्मक पहलुओं के बीच संतुलन सहित जीवन के सभी पहलुओं में संतुलन और सामंजस्य के महत्व पर जोर देता है। भगवान शिव का यह रूप सिखाता है कि आत्मज्ञान और सच्ची समझ प्राप्त करने के लिए, पुरुष और स्त्री ऊर्जा के मिलन सहित सभी चीजों की एकता को पहचानना और गले लगाना चाहिए। भगवान शिव के अर्धनारीश्वर रूप को अक्सर कला और मूर्तिकला में चित्रित किया जाता है । भगवान शिव के इस रूप का प्रतीकवाद हिंदू दर्शन और आध्यात्मिकता का एक महत्वपूर्ण पहलू बना हुआ है, जो सृष्टि के सभी पहलुओं की एकता और संतुलन पर जोर देता है।

## नटराज

नटराज हिंदू धर्म में भगवान शिव के सबसे प्रसिद्ध और पूजनीय रूपों में से एक है, और इसे ब्रह्माण्डीय नर्तक के रूप में दर्शाया गया है, जो तांडव करता है, जो एक शक्तिशाली और गतिशील नृत्य है जो ब्रह्माण्ड के निर्माण, संरक्षण और विनाश के चक्र का प्रतिनिधित्व करता है। इस रूप में, भगवान शिव को अक्सर चार भुजाओं के

साथ दिखाया जाता है, जिनमें से दो को नृत्य की मुद्रा में होती है, जबकि अन्य दो में एक ड्रम (डमरू) और एक लौ (अग्नि) होती है। नटराज की छवि प्रतीकात्मकता से समृद्ध है और चित्रण के प्रत्येक तत्व का गहरा महत्व है। उदाहरण के लिए, भगवान शिव की नृत्य मुद्रा ब्रह्माण्ड की लय, जन्म, मृत्यु और पुनर्जन्म के चक्रों का प्रतिनिधित्व करने के लिए है। उनका उठा हुआ पैर मुक्ति और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि उनका दूसरा पैर राक्षस अपस्मार पर टिका है, जो अज्ञानता और आध्यात्मिक अंधकार का प्रतीक है। कहा जाता है कि भगवान शिव अपने हाथ में जो ड्रम (डमरू) धारण करते हैं, वह सृष्टि की ध्वनि का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि ज्वाला (अग्नि) विनाश की ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करती है। भगवान शिव के शरीर के चारों ओर आग का घेरा उस ब्रह्माण्डीय ऊर्जा का प्रतीक है जो ब्रह्माण्ड को बनाए रखता है और चलाता है, जबकि उनकी गर्दन के चारों ओर कुंडलित सांप कुंडलिनी ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करता है जो हर इंसान के भीतर रहता है।

## भोलेनाथ

भोलेनाथ भगवान शिव के सबसे प्रिय रूपों में से एक हैं, खासकर उत्तर भारत में उनके भक्तों के बीच। भगवान शिव के इस रूप की विशेषता उनकी सरलता, विनम्रता और बच्चों जैसी मासूमियत है। 'भोलेनाथ' शब्द संस्कृत के 'भोले' शब्द से बना है जिसका अर्थ है निर्दोष और 'नाथ' का अर्थ है स्वामी। इस प्रकार, भोलेनाथ को अक्सर 'मासूम भगवान' या 'मासूमियत के भगवान' के रूप में जाना जाता है। भोलेनाथ को अक्सर उनके चेहरे पर एक शांत अभिव्यक्ति के साथ चित्रित किया जाता है, उनकी आँखें गहरे ध्यान में बंद होती हैं। उन्हें आमतौर पर अपने गले में रुद्राक्ष की माला पहने दिखाया जाता है और उनके बाल अक्सर अस्त-व्यस्त और अर्धचंद्र से सुशोभित होते हैं। कुछ चित्रणों में, उन्हें चिलम (एक प्रकार का धूम्रपान पाइप) या भांग पीते हुए भी दिखाया गया है, जिसके बारे में माना जाता है कि यह परमात्मा के साथ उनके संबंध को बढ़ाता है। भोलेनाथ से जुड़ी सबसे प्रसिद्ध कहानियों में से एक समुद्र मंथन या दूध के सागर का मंथन है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, अमरत्व का अमृत प्राप्त करने के लिए देवताओं और राक्षसों ने मिलकर दूध के सागर का मंथन किया। हालाँकि, इस प्रक्रिया के दौरान, उन्होंने हलाहला नामक एक घातक ज़हर भी छोड़ा, जिसने दुनिया को नष्ट करने की धमकी दी। तब भगवान शिव ने आगे आकर विष को पी लिया, लेकिन उसे निगलने के बजाय, उन्होंने उसे अपने कंठ में धारण कर लिया और उसे नीला कर दिया। निस्वार्थता और बलिदान के इस कार्य ने उन्हें नीलकंठ नाम दिया, जिसका अर्थ है 'नीले गले वाला'। इस घटना को अक्सर कला में दर्शाया जाता है और यह भोलेनाथ से जुड़ी सबसे लोकप्रिय कहानियों में से एक है। भोलेनाथ भक्ति की अवधारणा से भी जुड़े हुए हैं। ऐसा माना जाता है कि वह अपने भक्तों की सामाजिक स्थिति या धार्मिक पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना उनकी भक्ति और प्रेम से आसानी से प्रसन्न हो जाते हैं। यह उनके जीवन के सरल तरीके से और अपने भक्तों से प्रसाद स्वीकार करने की उनकी इच्छा में परिलक्षित होता है, चाहे वह कितना भी छोटा या महत्वहीन क्यों न हो।

## कालभैरव

कालभैरव भगवान शिव के कई रूपों में से एक हैं, जो उनके उग्र और भयानक पहलू का प्रतिनिधित्व करते हैं। हिंदू पौराणिक कथाओं में, भैरव को आतंक के देवता के रूप में जाना जाता है और उन्हें अक्सर एक भयावह रूप के साथ चित्रित किया जाता है, जिसमें त्रिशूल और ड्रम जैसे हथियार होते हैं। उनका नाम संस्कृत शब्द 'भीरू' से लिया गया है, जिसका अर्थ है भयभीत या भयानक। भैरव को विनाश और सुरक्षा की शक्ति से भी जोड़ा जाता है। उन्हें सभी बाधाओं का नाश करने वाला और उनकी मदद माँगने वाले भक्तों का रक्षक माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि भैरव की पूजा करने से जीवन में भय और बाधाओं को दूर करने में मदद मिल सकती है। हिंदू आइकनोग्राफी में भैरव को अक्सर एक कुत्ते के साथ चित्रित किया जाता है, जो उनकी वफादारी और एक रक्षक के रूप में उनकी भूमिका का प्रतीक है। उन्हें कभी-कभी कुत्ते की सवारी करते या कुत्तों द्वारा खींचे जाने वाले रथ पर भी दिखाया जाता है। माना जाता है कि कुत्ता वफादारी और निडरता का प्रतिनिधित्व करता है, साथ ही यह विचार भी है कि भैरव जाति और वर्ग की सीमाओं से परे हैं। भारत में भैरव को समर्पित कई मंदिर हैं, खासकर राजस्थान राज्य में। इनमें से सबसे प्रसिद्ध वाराणसी में काल भैरव मंदिर है, जिसे 64 शक्तिपीठों में से एक या देवी शक्ति से जुड़े पवित्र स्थलों में से एक माना जाता है। भैरव की पूजा विभिन्न रूपों और अनुष्ठानों में की जाती है।

## महायोगी

महायोगी भी भगवान शिव का एक रूप हैं। इस रूप में, भगवान शिव को एक महान् योगी के रूप में दर्शाया गया है, जो ध्यान, आध्यात्मिक प्रथाओं और आंतरिक परिवर्तन पर उनकी निपुणता का प्रतीक है। 'योगी' शब्द का अर्थ किसी ऐसे व्यक्ति से है जो योग का अभ्यास करता है, जो एक ऐसा अनुशासन है जो किसी व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण पर केंद्रित होता है। भगवान शिव, महायोगी के रूप में, अक्सर ध्यान मुद्रा में बैठे हुए चित्रित किए जाते हैं, उनकी आँखें बंद होती हैं और उनका ध्यान भीतर की ओर होता है। उनका शरीर राख में ढँका हुआ है और वह सांपों और अन्य प्रतीकात्मक तत्वों से सुशोभित है जो उनकी आध्यात्मिक शक्ति और ज्ञान का प्रतिनिधित्व करती हैं। भगवान शिव का यह रूप योग और ध्यान के अभ्यास से जुड़ा हुआ है, जिसके बारे में माना जाता है कि यह आत्म-साक्षात्कार और ज्ञान की ओर ले जाता है। भगवान शिव के महायोगी रूप को सर्वोच्च गुरु के रूप में सम्मानित किया जाता है, जो अपने भक्तों को आध्यात्मिक विकास और परिवर्तन के मार्ग पर मार्गदर्शन करते हैं। ऐसा माना जाता है कि उनके पास गहरा ज्ञान है और उनकी शिक्षाओं को दिव्य प्रेरणा और मार्गदर्शन का स्रोत माना जाता है। भगवान शिव को आदि योगी या प्रथम योगी के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि उन्होंने प्राचीन भारत के संतों को योग का प्राचीन ज्ञान सिखाया था। भगवान शिव का महायोगी रूप तप और वैराग्य के अभ्यास से भी जुड़ा हुआ है, जो आध्यात्मिक विकास और ज्ञान के लिए आवश्यक माने जाते हैं। भगवान शिव को अक्सर एक भटकते तपस्वी के रूप में चित्रित किया जाता है, जिन्होंने आध्यात्मिक ज्ञान की खोज में सभी सांसारिक सुखों और आसक्तियों को त्याग दिया है।

## त्र्यंबक

भगवान शिव का त्र्यंबक रूप देवता के कम ज्ञात रूपों में से एक है, लेकिन फिर भी हिंदू धर्म में महत्वपूर्ण है। त्र्यंबक शब्द दो संस्कृत शब्दों से बना है, 'त्रि' का अर्थ है तीन, और 'अंबका' का अर्थ है आँखें और भगवान शिव के इस रूप को तीन आँखों से दर्शाया गया है। इस रूप में, भगवान शिव को उनके माथे पर तीसरी आँख के साथ चित्रित किया गया है, जो उनके आध्यात्मिक ज्ञान का प्रतिनिधित्व करता है। हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, भगवान शिव ने वासना के देवता काम, जो उन्हें अपने ध्यान से विचलित कर रहे थे, को नष्ट करने के लिए अपनी तीसरी आँख खोली। भगवान शिव का त्र्यंबक रूप भी अजना चक्र या तीसरे नेत्र चक्र से जुड़ा हुआ है, जिसे माथे के केंद्र में स्थित माना जाता है। तीसरा नेत्र चक्र अंतर्ज्ञान, आध्यात्मिक अंतर्दृष्टि और मानसिक क्षमताओं से जुड़ा हुआ है और इसकी सक्रियता को आध्यात्मिक जागृति और ज्ञान की ओर ले जाने के लिए कहा जाता है। तीसरी आँख के अलावा, त्र्यंबक रूप में भगवान शिव को उनकी दो नियमित आँखों से दर्शाया गया है, जो भूत, वर्तमान और भविष्य को देखने की उनकी क्षमता का प्रतिनिधित्व करते हैं। यह प्रतीकात्मकता भगवान शिव की सर्वज्ञता और समय के स्वामी के रूप में उनकी भूमिका का प्रतिनिधित्व करती है। भगवान शिव के त्र्यंबक रूप को अक्सर कलाकृति और मूर्तियों में चित्रित किया जाता है, जिसमें उनके माथे पर अर्धचंद्र सुशोभित होता है, उनके गले में एक सांप होता है और उनके उलझे हुए बाल एक जटा या जूड़े में बँधे होते हैं। उन्हें आमतौर पर एक ध्यान मुद्रा में चित्रित किया जाता है, उनकी आँखें बंद होती हैं या भीतर की ओर देखती हैं, जो आंतरिक दुनिया पर उनकी महारत का प्रतीक है।



# विक्रम पंचांग

श्री सोमनाथ मंदिर

**चैत्र शुक्ल पक्ष**
09 अप्रैल 2024 से 23 अप्रैल 2024
(वसंत/ग्रीष्म ऋतु)

## सम्राट विक्रमादित्य सम्वत् 2081

पिंगल नाम सम्वत्सर

• कलि संवत 5125 • सृष्टि आरम्भ 1955885125 • राजा – मंगल • मंत्री – शनि

**वैशाख कृष्ण पक्ष**
24 अप्रैल 2024 से 08 मई 2024
(ग्रीष्म ऋतु)

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 14 अप्रैल षष्ठी डॉ. अम्बेडकर जयंती वैशाखी | 21 अप्रैल त्रयोदशी महावीर जयंती | **रविवार** | | 28 अप्रैल चतुर्थी पंचमी गुरु तेगबहादुर जयंती | 05 मई द्वादशी संत सेन जयंती |
| | 15 अप्रैल सप्तमी | 22 अप्रैल चतुर्दशी हाटकेश्वर जयंती | **सोमवार** | | 29 अप्रैल षष्ठी | 06 मई त्रयोदशी |
| 09 अप्रैल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा महर्षि गौतम जयंती | 16 अप्रैल अष्टमी दुर्गाष्टमी व्रत सम्राट अशोक कार्य जयंती | 23 अप्रैल पूर्णिमा हनुमान जयंती | **मंगलवार** | | 30 अप्रैल सप्तमी गुरु अर्जुन देव जयंती | 07 मई चतुर्दशी |
| 10 अप्रैल द्वितीया झुलेलाल जयंती चैती चांद | 17 अप्रैल नवमी रामनवमी | | **बुधवार** | 24 अप्रैल प्रतिपदा | 01 मई अष्टमी श्रमिक दिवस | 08 मई अमावस्या विश्व रेडक्रास दिवस |
| 11 अप्रैल तृतीया ईद-उल-फितर | 18 अप्रैल दशमी | | **गुरुवार** | 25 अप्रैल द्वितीया | 02 मई नवमी | |
| 12 अप्रैल चतुर्थी | 19 अप्रैल एकादशी | | **शुक्रवार** | 26 अप्रैल द्वितीया | 03 मई दशमी पत्रकारिता दिवस | |
| 13 अप्रैल पंचमी | 20 अप्रैल द्वादशी मदन द्वादशी | | **शनिवार** | 27 अप्रैल तृतीया | 04 मई एकादशी वल्लभाचार्य जयंती | |

## श्री सोमनाथ ज्योतिर्लिंग

यह ज्योतिर्लिंग सौराष्ट्र प्रदेश में समुद्र के किनारे स्थित है। इसकी स्थापना सोम अर्थात् स्वयं चन्द्रदेव ने की थी। अत: यह सोमनाथ नाम के ज्योतिर्लिंग रूप में पूजित है। शिव महापुराण में सोमनाथ के संबंध में कथा इस प्रकार है कि चन्द्रदेव को दक्ष प्रजापति की अश्विनी आदि सत्ताईस कन्याएँ ब्याही गई थीं। इनमें से चन्द्रदेव रोहणी पर अति आसक्त थे और शेष दूसरी छब्बीस पत्नियों का प्राय: निरादर करते थे। चन्द्रमा की पत्नियों ने इस दु:ख को अपने पिता दक्ष से निवेदन किया। दक्ष ने चन्द्रमा को अनेक बार समझाया, पर चन्द्रमा के व्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। वह उसी भाँति मात्र रोहणी में आसक्त तथा अन्य पत्नियों की उपेक्षा करता रहा। दु:खी होकर दक्ष प्रजापति ने चन्द्रमा को क्षय रोगी होने का श्राप दे दिया। दक्ष के श्राप से चन्द्रमा क्षय रोग ग्रस्त हो क्षीण होने लगा। जगत में हा-हा-कार मच गया। देवता सब दुखी हो गये। सब सोचने लगे कि इस बड़ी आपत्ति को कैसे दूर किया जा सकता है ? वे सब ब्रह्मा के पास गये। ब्रह्मा जी ने चन्द्रमा के निरोग होने के लिए उपाय बताया कि प्रभास क्षेत्र में जाकर चन्द्रदेव मृत्युंजय मंत्र की उपासना शिवलिंग के समीप करें। इस प्रकार प्रसन्न होकर भगवान शिव इन्हें क्षय रहित कर देंगे। चन्द्रदेव प्रभास क्षेत्र गये और शिवलिंग की स्थापना की तथा छ: महीने तक निरंतर स्थिर चित्त होकर मृत्युंजय जप ध्यानपूर्वक स्थानक मुद्रा (खड़े होकर) में किया। इस कठिन तपस्या से भगवान शिव प्रसन्न होकर प्रकट हुए। चन्द्रमा से उन्होंने वर माँगने को कहा। चन्द्रमा ने शिव से पूर्व कृत अपराध की क्षमा और क्षय रोग के निवारण करने की प्रार्थना की। शिवजी ने कहा- हे चन्द्रदेव, एक पक्ष में प्रतिदिन तुम्हारी कला क्षीण होगी और दूसरे पक्ष में फिर वह प्रतिदिन बढ़कर पूर्णिमा को पूर्ण कलाएँ हो जाएँगी। अब से यही क्रम चलेगा। इसके बाद चन्द्रमा ने भगवान शंकर की स्तुति की, जिससे प्रसन्न होकर उस प्रभास क्षेत्र के महत्व को बढ़ाने तथा चन्द्रमा के यश विस्तार करने के लिए भगवान शंकर सोमनाथ के नाम से तीनों लोकों में विख्यात हुए तथा सोमेश्वर ज्योतिर्लिंग के रूप में पूजित हुए। सोमनाथ का पूजन करने से भगवान शिव उपासक के क्षय और कण्ठ आदि रोगों को ठीक कर देते हैं।

### श्री विक्रम शुभ सम्वत् 2081

09 अप्रैल से 23 अप्रैल 2024 तक

उत्तरायण — वसंत/ग्रीष्म ऋतु

दि.२२/०४/२०२४स्टे.टा. ०५/३०

| तिथि | वार | समाप्ति घं. | समाप्ति मि. | नक्षत्र | समाप्ति घं. | समाप्ति मि. | योग | समाप्ति घं. | समाप्ति मि. | सू.उ. घ.मि. | सू.अ. घ.मि. | चन्द्रराशि प्रवेश | सूर्य स्पष्ट स्टे.टा ५/३० | | | अप्रैल | यहाँ पर दिया गया, सभी समय, भा.स्टे.स्टा.में है जो सम्पूर्ण भारत में समान रूप से ग्राह्य रहेगा । |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ०१ | मंगल | २० | ३० | रेव अश्वि | ०७ २९ | ३१ ०५ | वैधृ | १४ | १६ | ०६ १५ | १८ ४२ | मे.०७।३३ | ११ | २५ | २६ | 09 | नवचान्द्र सम्वत्सर प्रारंभ, वासन्ती नवरात्र प्रा. गुड़ी पडवा, ज्योतिष दिवस |
| ०२ | बुध | १७ | ३२ | भर | २७ | ०५ | विष्क | १० | ३५ | १५ | ४२ | मेष | ११ | २६ | २५ | 10 | चन्द्रदर्शन, सर्वार्थसिद्धि २७।८ से ३०।१३ तक,सिंधारा दूज |
| ०३ | गुरू | १५ | ०३ | कृति | २५ | ३६ | प्रीति आय | ०७ २८ | १७ २६ | १४ | ४२ | वृ. ०८।३१ | ११ | २७ | २४ | 11 | भ. २६।०९ से, श्री मत्स्य जयंती, गणगौरी पूजा (गौरी मनोरथ तृतीया) |
| ०४ | शुक्र | १३ | १० | रोहि | २४ | ४८ | सौभा | २६ | १० | १३ | ४३ | वृष | ११ | २८ | २३ | 12 | भ. १३।१२ तक, श्री विनायक चतुर्थी व्रत, श्री लक्ष्मी पंचमी, रवियोग २४।५१ से |
| ०५ | शनि | १२ | ०३ | मृग | २४ | ४६ | शोभ | २४ | ३२ | १२ | ४३ | मि.१२।४५ | ११ | २९ | २२ | 13 | नाग पंचमी |
| ०६ | रवि | ११ | ४१ | आर्द्रा | २५ | ३३ | अति | २३ | ३० | ११ | ४४ | मिथुन | ०० | ०० | २१ | 14 | यमुनाजयंती, स्कन्दष्ठी , रवियोग २५।३५ तक, सूर्य अशोक षष्ठी |
| ०७ | सोम | १२ | ०९ | पुन | २७ | ०४ | सुक | २३ | ०५ | १० | ४४ | क.२०।३९ | ०० | ०१ | १९ | 15 | भ. १२।११ से २४।४८ तक, सर्वार्थसिद्धि २७।७ से ३०।८ तक |
| ०८ | मंगल | १३ | २२ | पुष्य | २९ | १५ | धृति | २३ | ११ | ०९ | ४४ | कर्क | ०० | ०२ | १८ | 16 | श्री दुर्गाष्टमी, अशोकाष्टमी, भवानी उत्पत्ति |
| ०९ | बुध | १५ | १२ | श्ले | अ. | रा. | शूल | २३ | ४७ | ०८ | ४५ | कर्क | ०० | ०३ | १७ | 17 | श्रीरामनवमी व्रत, नवरात्र पूर्ण मन्वादि, अयोध्या परिक्रमा |
| १० | गुरू | १७ | २९ | श्ले | ०७ | ५६ | गण्ड | २४ | ४१ | ०७ | ४५ | सिं.०७।५८ | ०० | ०४ | १६ | 18 | धर्मराज दशमी दशहरा |
| ११ | शुक्र | २० | ०३ | मघा | १० | ५६ | वृद्धि | २५ | ४२ | ०७ | ४६ | सिंह | ०० | ०५ | १४ | 19 | भ. ०६।४८ से २०।५ तक, कामदा एकादशीव्रत (लोंग), लक्ष्मीकांत दोलोत्सव |
| १२ | शनि | २२ | ४१ | पूफा | १४ | ०३ | ध्रुव | २६ | ४५ | ०६ | ४६ | कं.२०।५१ | ०० | ०६ | १३ | 20 | श्री वामन द्वादशी, श्री विष्णु दमनोत्सव |
